**चेतावनी** ▶ अमलाई ओपन कास्ट में काम कर रही प्राइवेट कंपनी आरकेटीसी के खिलाफ भाजपा मंडल धनपुरी ने भी खोला मोर्चा

# स्थानीय युवाओं को रोजगार दे कंपनी नहीं तो होगा आंदोलन : शर्मा


**नवभारत, धनपुरी ।** कोयला खदानों में चाहे हैवी ब्लास्टिंग हो वहां से उठने वाला कोयले का डस्ट हो इसका सीधा प्रभाव शहर के नागरिकों पर पड़ता है यहां होने वाले कोयला खदानों में उत्पादन से प्रबंधन को करोड़ों अरबो का लाभ होता है लेकिन इसके बदले में स्थानीय युवाओं को जब रोजगार देने की बात आती है तब इसमें प्रबंधन की ओर से बात प्राइवेट कंपनियों पर डाल दी जाती है और जो कोयला खदानों में प्राइवेट कंपनियां काम करती हैं जब उनसे रोजगार के मुद्दे पर बात की जाती है तो उनका जवाब टाल मटोल से भरा होता है और यही कारण है कि आज रोजगार की इसी मुद्दे को लेकर स्थानीय युवाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है वैसे तो इन प्राइवेट कंपनियों के खिलाफ आए दिन विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं आंदोलन हो रहे हैं आंदोलन किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन इसके बाद भी कंपनी के जवाब और उनके आश्वासन का झुनझुना युवाओं को रोजगार की एक उम्मीद देता है लेकिन उम्मीद पूरी हो इस पर जरूर जवाब नहीं मिल रहा है और यही कारण है कि अब भाजपा मंडल धनपुरी ने भी अमलाई ओपन कास्ट में कार्यरत प्राइवेट कंपनी आरकेटीसी के खिलाफ विरोध का बिगुल फूंक दिया है और जल्द ही आंदोलन की तैयारी कर रही है।

भाजपा मंडल धनपुरी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कंपनी काम नहीं करती तो फिर भाजपा मंडल धनपुरी विरोध करने को मजबूर होगी मंडल अध्यक्ष ने आरोप लगाया है की अमलाई ओपन कास्ट में जो प्राइवेट कंपनी के द्वारा काम किया जा रहा है उसके द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के नाम पर नजरअंदाज किया जा रहा है जिसे अनदेखा नहीं होने देंगे यहां पर यह प्राइवेट कंपनी कुछ लोगों को आगे करके स्थानीय बेरोजगार युवाओं की अनदेखी



कर रही है और यही कारण है कि युवाओं के अंदर इसे लेकर आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

आज अगर अमलाई ओपन कास्ट में आरकेटीसी कंपनी की बात की जाए तो 6 महीने से भी अधिक का समय उसे यहां पर आए हुए हो चुका है पूर्व में भी भाजपा मंडल के द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए कंपनी के अधिकारियों से मिलकर चर्चा की गई थी उस समय पर जो कंपनी के अधिकारी थे उन्होंने आश्वासन दिया था की स्थानीय युवाओं को रोजगार में पहली प्राथमिकता दी जाएगी लेकिन ऐसा नहीं किया गया पूर्व में जो कंपनी के अधिकारी यहां पर थे उनके स्थान पर नए अधिकारी आ चुके हैं और जब इनसे भी चर्चा की गई तो इनका जो जवाब था वह पूरी तरह से स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नजर अंदाज करने वाला था आज इस कंपनी में जो चल रहा है उसे हर कोई देख रहा है किस तरह से यहां पर मनमानी अपने चरम पर है स्थानीय युवाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है सिर्फ उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है जो कंपनी से जुड़कर अपना लाभ अर्जित कर रहे हैं लेकिन जिन्हें रोजगार की आवश्यकता है जिन्हें रोजगार मिलना चाहिए उन्हें पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है और यही कारण है कि भाजपा मंडल धनपुरी इसे अनदेखा नहीं करेगी और अगर यह कंपनी स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं देती तो भाजपा मंडल धनपुरी उग्र आंदोलन को मजबूर होगी उन्होंने कंपनी के प्रबंधन को साफ शब्दों में कहा है कि स्थानीय युवाओं को रोजगार में कंपनी प्राथमिकता दें नहीं तो भाजपा मंडल धनपुरी जल्द यहां पर धरना प्रदर्शन देगी। भाजपा मंडल धनपुरी के अध्यक्ष अजय शर्मा का कहना है कि धनपुरी शहर कोयला खदानों की चारों तरफ बसा हुआ है आज इस शहर का नागरिक कोयले के डस्ट के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहा है खदानों में होने वाले हैवी ब्लास्टिंग के कारण लोगों के घरों का नुकसान हो रहा है कोयला उत्पादन से प्रबंधन करोड़ों रुपए का लाभ अर्जित कर रही है तो फिर स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की दिशा में प्रबंधन की ओर से भी चिंता क्यों नहीं की जाती खदानों में काम करने वाले प्राइवेट कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रबंधन की ओर से भी कोई पहल की जाती हो ऐसा भी नजर नहीं आता यही कारण है कि अब स्थानीय युवाओं के इस मुद्दे को लेकर भाजपा मंडल धनपुरी आंदोलन को मजबूर होगी।



कार्यालय नगर परिषद ब्यौहारी, जिला- शहडोल (म. प्र.)
लोड-अनलोड/सुविधा शुल्क 2025-26
ठेकेदार- एच. ए. पैराडाइज
प्रो. - जैद खान
क्र. 7380 दिनांक ..........
वाहन क्रमांक/नाम ..........
राशि ..........
रुपये शब्दों में .......... प्राप्त किया।
हस्ताक्षर

कार्यालय नगर परिषद ब्यौहारी, जिला- शहडोल (म. प्र.)
लोड-अनलोड/सुविधा शुल्क 2025-26
ठेकेदार- एच. ए. पैराडाइज
प्रो. - जैद खान
क्र. 7381 दिनांक ..........
वाहन क्रमांक/नाम ..........
राशि ..........
रुपये शब्दों में .......... प्राप्त किया।
हस्ताक्षर

# लोड-अनलोड के नाम ठेकेदार ऑटो से कर रहा अवैध वसूली

**नवभारत, ब्योहारी ।** नगर परिषद मे लोडिंग अनलोडिंग करने वाले वाहनों से वसूली हेतु नगर परिषद ने किसी जुवैद खान नामक व्यक्ति को ठेका पे दे रखा है किन्तु ठेकेदार द्वारा गुंडई के दम पर ऑटो चालकों से जबरजस्ती 10 रूपये की वसूली कर लोडिंग अनलोडिंग की रसीद दी जा रही है हैरानी की बात यह है कि शिकायत के बाद भी अवैध वसूली पर रोक नहीं लग पा रहा है और न ही अवैध वसूली पर रोक लगाने हेतु नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की जा रही है।

## शिकायत के बाद भी हो रही अवैध वसूली

नगर परिषद ब्योहारी मे लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर ऑटो से ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली को बंद कराने के लिए एडवोकेट जितेन्द्र सराफ द्वारा दिनांक 17/02/2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी को लिखित शिकायत दी गयी इसके बाद भी अवैध वसूली थमने का नाम नहीं ले रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसा लग रहा है जैसे ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली का कुछ हिस्सा नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी को दिया जा रहा है जिस वजह से वो चुप्पी साधे हुए है और ठेकेदार को अवैध वसूली करने हेतु छूट दे रखे है।

## ठेकेदार दे रहा फर्जी रसीद

लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जो रसीद दी जा रही है उसमे कंही भी नगर परिषद का सील नहीं लगा हुआ है। वह नगर परिषद से भेरीफाइड नहीं है पता नहीं इस रसीद को नगर परिषद ने जारी किया है या फिर ठेकेदार स्वयं छपवाकर अवैध वसूली कर रहा यदि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी स्वयं इसकी जांच करे तो पूरा मामला दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा इसकी कलह खुलते देर नहीं लगेगा।

# कोयला उत्पादन पर प्रबंधन की चुप्पी सवालों के घेरे में

▶ बंगवार भूमिगत खदान कोयला उत्पादन से तो पीछे है, लेकिन संडे और ओटी में सबसे आगे

**नवभारत, धनपुरी।** मार्च का महीना करीब है प्रबंधन की चिंता कोयला उत्पादन को लेकर है उत्पादन बढे इसे लेकर एरिया प्रबंधन पूरी तरह प्रयास कर रही है तो दूसरी तरफ बंगवार भूमिगत खदान जो अपने कोयला उत्पादन से तो अभी भी काफी पीछे है लेकिन हां संडे और ओटी को लेकर यह भूमिगत खदान एरिया की उन खदानों से काफी आगे ही नजर आती है एरिया महाप्रबंधक ने खदान प्रबंधन को इस पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन महाप्रबंधक के निर्देश का भी इस भूमिगत खदान में पालन कितना किया जा रहा है





इसे भी देखा जा सकता है यह भूमिगत खदान सीएम प्रोजेक्ट से कोयले का उत्पादन करती है हर वर्ष यह समय से काफी पहले ही अपने लक्ष्य को पूरा कर लेती है लेकिन इस वर्ष तस्वीर कुछ इस भूमिगत खदान की अलग ही नजर आ रही है यहां पर जिस तरह से उत्पादन अभी भी काफी पीछे है वह जरूर एरिया प्रबंधन के लिए चिंता का कारण बन गई है दूसरी तरफ इस भूमिगत खदान में जो कोयला उत्पादन में अपनी सबसे अधिक भूमिका अदा करते हैं उन्हें तो संडे और ओटी से वंचित कर दिया जाता है लेकिन जो चहेते होते हैं उन्हें रेवड़ी की तरह संडे और ओटी बांटने का काम किया जाता है पूरे खदान में इस बात की चर्चा है सवाल भी उठते हैं पर बोले तो बोले कौन इस भूमिगत खदान में संडे और ओटी को लेकर वैसे तो सवाल हमेशा से उठते रहे हैं वर्तमान प्रबंधन इस पर अंकुश लगाने की बात भी कहती है लेकिन अमल कितना हो रहा है इसे भी देखा जा सकता है आज इस भूमिगत खदान में कुछ लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है लेकिन जो कोयला उत्पादन में अपना पूरा योगदान देते हैं जो संडे और ओटी का हक भी रखते हैं उन्हें तो यह मिलता नहीं लेकिन कुछ लोगों को जरूर इसका लाभ देने के लिए प्रबंधन की भी ओर से रुचि दिखाई जाती है यही कारण है कि सवाल लगातार उठ रहे हैं पर इस पर प्रबंधन की ओर से ध्यान कब दिया जाएगा इस पर जरूर सभी की नजर है।

# वृंदावन ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जयसिंहनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शिवानी जैन की उपस्थिति में जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत वृंदावन ग्राम योजना के तहत चिन्हित ग्राम सीधी में विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों से कन्या छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, मध्यान्ह भोजन (एमडीएम), पेयजल व्यवस्था, बिजली, सड़क सहित अन्य आवश्यक विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की तथा ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त किए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी जैन ने बताया कि वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चिन्हित ग्रामों में गौशाला संचालन, ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, सोलर स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय सहित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाएगा। कार्यक्रम में सरपंच भूपाल सिंह, वन विभाग के रेंजर तरुणेंद्र, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अजय मिश्रा, एपीओ अनुराग निगम सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।इसी क्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुद्रिका सिंह की उपस्थिति में जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम सिंदुरी, जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत रसपुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी कल्पना यादव तथा जनपद पंचायत बुढार के अंतर्गत चिन्हित ग्राम में भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों से वृंदावन ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा कर आवश्यक सुझाव लिए गए।

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर हेतु तैयारियां करें चुस्त-दुरूस्त : कलेक्टर

स्वास्थ्य शिविर हेतु पीएचसी एवं सीएचसी स्तर पर मरीजों को कराना होगा स्क्रीनिंग

13, 14 एवं 15 मार्च को आयोजित होगा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नवभारत, शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संभागीय मुख्यालय के संभावित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शहडोल में रोटरी क्लब एवं राजकृष्ण तन्खा फाउण्डेशन के सहयोग से 13,14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य शिविर की तैयारियो के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूर्व से ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैंप में पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध रहे, कैंप में आने वाले मरीजो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर हेतु मरीजो को ग्राम, पीएचसी एवं सीएचसी स्तर पर स्क्रीनिंग कराना होगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल एवं छायादार बैठक व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि 13, 14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य शिविर का बेहतर प्रचार-प्रसार कराएं, आटो एवं बसो में स्वास्थ्य शिविर संबंधित पोस्टर चस्पा कराए तथा नगरपालिका के कचरा गाड़ी से भी लोगो को जानकारी देना सुनिश्चित करें जिससे अधिक से अधिक मरीजो को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ मिल सकें। कलेक्टर ने कैंप स्थल में मेडिकल स्टाफ चिकित्सक, ऑपरेशन थियेटर एवं ऑपरेशन संबंधी उपकरण की उपलब्धता, मरीजो के लिए परिवहन व्यवस्था, साफ-सफाई, वाहन पार्किंग चालित शौलाचय, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओ की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ, रोटरी क्लब, राजकृष्ण तन्खा फाउण्डेशन के सदस्य एवं निजी अस्पतालो के संचालक उपस्थित रहें।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए घर-घर जाकर कराएं दवा का सेवन



▶ केन्द्रीय डायरेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

**नवभारत, शहडोल।** फाइलेरिया (हाथी पांव) जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए संचालित एमडीए एवं सामूहिक दवा सेवा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर केन्द्रीय डायरेक्टर फाइलेरिया डॉ. एस.के. रसानिया एवं डॉ. मनीषा ने सीएमएचओ कार्यालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गठित दलों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर पहुंचकर लोगों को अनिवार्य रूप से दवा का सेवन कराया जाए। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया की बीमारी किसी भी व्यक्ति को हो सकती है, इसलिए सभी लोग स्वयं दवा लें और अपने आसपास के लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में एमडीए कार्यक्रम सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## गांवों में पहुंचकर लिया अभियान का जायजा

केन्द्रीय डायरेक्टर ने जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पड़मनिया, फतेहपुर और सुंदरी का भ्रमण कर फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें दवा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष में एक बार 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को निर्धारित मात्रा में फाइलेरिया रोधी दवाएं डीईसी (डाय-इथाइल कार्बामैजीन) और एल्बेंडाजोल का सेवन करना आवश्यक है। दवा खाली पेट नहीं लेना चाहिए तथा एल्बेंडाजोल की गोली चबाकर खानी होती है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 2 से 5 वर्ष के बच्चों को 1 डीईसी टैबलेट व 1 एल्बेंडाजोल, 6 से 14 वर्ष के बच्चों को 2 डीईसी टैबलेट व 1 एल्बेंडाजोल, 15 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को 3 डीईसी टैबलेट व 1 एल्बेंडाजोल दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील स्थापक, जिला मलेरिया अधिकारी हनुमान प्रसाद नामदेव, जिला वीबीडी सलाहकार शिवशंकर शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**निर्देश** ▶ कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# अमृत योजना के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

**नवभारत, शहडोल।** शहडोल संभाग की आयुक्त सुरभि गुप्ता ने अमृत योजना 2.0 के तहत नगरीय निकायों में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का कार्य चल रहा है उन्हें साप्ताहिक कार्ययोजना बनाकर तेजी से पूरा किया जाए। आयुक्त ने कहा कि जो परियोजनाएं विभिन्न कारणों से शुरू नहीं हो पाई हैं उनकी समस्याओं का समाधान कलेक्टर के माध्यम से कराकर जल्द कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने ठेकेदारों का भुगतान समय पर सुनिश्चित करने तथा काम में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय निकाय आर.पी. मिश्रा, कार्यपालन यंत्री सहित विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## 15 मार्च तक पूरे हों वाटर बॉडी के काम

आयुक्त ने निर्देश दिए कि नगरीय निकायों में बनाए जा रहे वाटर बॉडी के कार्य 15 मार्च तक पूरे किए जाएं। वहीं अमृत पार्क निर्माण के कार्य भी निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं।उन्होंने कहा कि शहरों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए और लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को सक्रिय किया जाए। शहडोल नगरपालिका में लगाए जाने वाले कचरा प्रबंधन प्लांट की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही नागरिकों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

आयुक्त ने शहडोल नगर की सीवरेज लाइन का कार्य मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत डीपीआर तैयार करने और पात्र हितग्राहियों का सत्यापन शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र हितग्राही का आवास बिना कारण निरस्त नहीं किया जाए।बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की भी समीक्षा की गई और अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।



# पुलिस को लंबे समय से चकमा दे रहा गांजा तस्कर गिरफ्तार

▶ 3 साल पहले 87 किलो गांजा तस्करी का है मामला

**नवभारत, ब्यौहारी।** लगभग तीन वर्ष से फरार चल रहे गांजा तस्करी के आरोपी को ब्यौहारी पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वर्ष 2023 में 87 किलो गांजा के साथ पकड़ी गई कार के मामले में फरार हो गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार थाना ब्यौहारी के अपराध क्रमांक 344/23 में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 में एक फोर्ड इकोस्पोर्ट कार से 87 किलो गांजा जब्त किया गया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था और लगातार तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चल पा रहा था। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि घटना में प्रयुक्त वाहन छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र का है। वाहन मालिक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह कार पहले ही बेच चुका है। आगे की जांच में सामने आया कि वाहन इमरान पिता मुबारक खान ने खरीदा था और उसी के द्वारा गांजा की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने बिलासपुर स्थित एक ऑटो डीलर के माध्यम से आरोपी का पता लगाया और 24 फरवरी 2026 को उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी में थाना ब्यौहारी के थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बालकरण प्रजापति, प्रधान आरक्षक हीरा सिंह और आरक्षक गंगा सागर गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप मच गया है।